दिन—बुधवार दिनांक— 17 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा— राज्य में चल रहे सहयोग शिविरों में प्राप्त लगभग नब्बे प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

02. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पटना के नौबतपुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' में शामिल होंगे।

03. प्रदेश की पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाने और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मनाया जायेगा पंचायत विकास दिवस।

04. और, मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा है परीक्षा का आयोजन।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में चल रहे सहयोग शिविरों में प्राप्त लगभग नब्बे प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। अब तक तीन लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से दो लाख इकसठ हजार से ज्यादा मामलों का निष्पादन हो चुका है। कैमूर और सीवान में आयोजित सहयोग शिविरों में उन्होंने कहा कि तीस दिनों के भीतर आवेदन का निपटारा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

———साउंड बाईट———

इधर, मुख्यमंत्री आज पटना के फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित नदीयावां में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में शामिल होंगे।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पटना के नौबतपुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' में शामिल होंगे। वे किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने आज सुबह स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। श्री चौहान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर कृषि, ग्रामीण विकास और केंद्र—राज्य समन्वय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वे न्यू विधायक फ्लैट परिसर में पौधारोपण करेंगे तथा दारोगा राय पथ से अटल पथ गोलंबर तक आयोजित 'प्रगति पथ यात्रा' में भी शामिल होंगे। दोपहर में केन्द्रीय मंत्री विद्यापति भवन में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में भाग लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और आगामी प्राथमिकताओं पर अपने विचार रखेंगे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाने और विकास कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित होगी, जिसमें विकास योजनाओं की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी और उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि ग्राम सभा में मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव तथा विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में वित्त आयोग की राशि के उपयोग, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क, नाली, सफाई और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम का भी प्रसारण किया जाएगा।

———————————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत आम निर्वाचन—दो हजार छब्बीस के तहत आरक्षण निर्धारण से जुड़े दस्तावेज 'प्रपत्र—एक' का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। वर्ष दो हजार ग्यारह की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित यह दस्तावेज ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद और ग्राम कचहरी के विभिन्न पदों पर आरक्षण तय करने का वैधानिक आधार है। आयोग के अनुसार प्रपत्र—एक के आंकड़ों का जिला गजट में प्रकाशन बीस जून को किया जाएगा, जबकि इसकी प्रति तेईस जून तक आयोग को उपलब्ध कराई जाएगी।

———————————————————————

मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आज दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए प्रदेशभर में पांच सौ चौवालीस केन्द्र बनाये गये हैं। पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इधर, रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज पच्चीस विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। ये ट्रेनें पटना, बक्सर, गया, सोनपुर, सहरसा, मधुबनी और बेतिया समेत विभिन्न स्टेशनों से परिचारित की जायेंगी। रेल प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले स्टेशन पहुंचने और निर्धारित ट्रेनों का उपयोग करने की अपील की है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाज़ों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। एजेंसी ने

सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि घोटालेबाज़ टेलीग्राम पर ऐसे चैनल चला रहे हैं जिनमें इक्कीस तारीख़ को प्रस्तावित परीक्षा के प्रश्न–पत्र साझा करने के लिए चौदह हज़ार से पच्चीस हज़ार रूपए तक की मांग की जा रही है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि पुनर्परीक्षा का कोई प्रश्न–पत्र लीक नहीं हुआ है। एनटीए ने महानिदेशक अभिषेक सिंह का वीडियो भी जारी किया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि देश में टेलीग्राम ऐप को क्यों फिलहाल बंद किया गया है।

–––साउंड बाइट–––

————————————————————————

राज्य सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील, द्विअर्थी और जातिसूचक गीतों के प्रसारण पर सख्ती के निर्देश दिए हैं। कला और संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने गृह विभाग को पत्र भेजकर ऐसे गीतों के प्रसारण पर प्रभावी रोक लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

————————————————————————

पटना हाई कोर्ट ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत राज्य में चल रही संविदा बहाली प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। बहाली की शर्तों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई तक नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित रहेगी।

————————————————————————

बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में ठेकेदार रिशु श्री उर्फ रंजन सिन्हा को पूछताछ के लिए पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर एसवीयू को सौंप दिया गया है। पटना स्थित निगरानी की अदालत की अनुमति के बाद उसे एसवीयू को सौंपा गया। इधर, इसी मामले में आईएएस अधिकारी संजीव हंस की अग्रिम जमानत याचिका पर अब चौबीस जून को सुनवाई होगी। अदालत ने एसवीयू से मामले की केस डायरी और साक्ष्य तलब किए हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से राज्य में बारिश की भारी कमी दर्ज की गई है। एक जून से अब तक राज्य में सामान्य से बत्तीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली मानसून की दोनों शाखाएं कमजोर हैं। मानसून मुजफ्फरपुर के आसपास ठहर गया है, जिससे अधिकांश जिलों में बारिश नहीं हो पा रही है। बारिश की कमी के कारण पटना समेत सात जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ

भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर, दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

–––साउंड बाईट–––

————————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कम बारिश की स्थिति को देखते हुये कृषि संबंधी विशेष कार्य योजना बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में चालू खरीफ सीजन के लिए देशभर में की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में इस बात पर भी ध्यान केंद्रित किया गया की फसल के मौसम के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रतिकूल मौसम स्थिति से कृषि और किसानों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम पहले से ही उठाया जाए। श्री चौहान ने निर्देश दिए की जिन जिलों में कम वर्षा या असमान वर्ष की संभावना है, वहां पहले से ही पूरी तैयारी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जिलों की स्पष्ट पहचान की जानी चाहिए और राज्य सरकारों के समन्वय से फसलवार आकस्मिक योजनाएं तैयार की जानी चाहिए जिससे मौसम संबंधी किसी भी चुनौती की स्थिति में किसानों को तत्काल, विकल्प, सलाह और सहायता प्रदान की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जल संरक्षण, नवमी प्रबंधन, अंतर फसल खेती और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सुपर्णा से किया के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में बाढ़ पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पटना जदयू कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कटाव निरोधक कार्य समाप्त हो चुके हैं और बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण किया गया है।

————————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बेतिया अंचल कार्यालय में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर राज कुमार मिश्र को पन्द्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायतकर्ता से जमाबंदी का लॉक खोलने के एवज में रिश्वत ले रहा था।

————————————————————————

गया जिले के बांकेबाजार स्थित डुमरीनाला जंगल में सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान चलाकर हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

बरामद सामानों में एक भरमार बंदूक, एके–सैंतालीस और एसएलआर के जिंदा कारतूस, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, बैटरी और वायर शामिल हैं। सुरक्षाबलों के अनुसार नक्सलियों ने हथियार और विस्फोटक जमीन के अंदर प्लास्टिक में छिपाकर रखे थे।

———————————————————————

मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार कराने के आरोप में पुलिस ने नवादा से दो वीक्षकों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों केएलएस कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर वीक्षण कार्य में तैनात थे।

———————————————————————

पूर्णिया जिले की एक अदालत ने चर्चित ताराबाड़ी दोहरे हत्याकांड मामले में आठ दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के रिसियप थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से इक्यावन किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिला प्रशासन ने नेपाल से सटे भारतीय सीमा क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी रोकने के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सीवान और कैमूर में सहयोग शिविरों में शामिल हुये। आवेदकों से संवाद भी किया।

दैनिक जागरण ने लिखा है–एसवीयू की बढ़ी शक्ति, बिना वारंट इंस्पेक्टर कर सकेंगे गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने जी–सेवन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– दुनिया में संसाधनों की नहीं, भरोसे की कमी, यह सबसे बड़ा संकट।

दैनिक भास्कर लिखता है– नीट में पेपर लीक नहीं हो, इसलिए टेलीग्राम बाईस तक बंद। नीट का पेपर ले, वायु सेना का विमान पटना पहुंचा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– दो एनकाउंटर, गयाजी में अड़तालीस लाख लूट के दो आरोपियों को पुलिस ने दौड़ाकर गोली मारी।

आज अखबार लिखता है– बिहार को मिलेगी चार सौ ई–बसों की सौगात।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य में चल रहे सहयोग शिविरों में प्राप्त लगभग नब्बे प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

02. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पटना के नौबतपुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' में शामिल होंगे।

03. प्रदेश की पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाने और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मनाया जायेगा पंचायत विकास दिवस।

04. और, मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा है परीक्षा का आयोजन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।